Years 1920-2020
University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 27 December 2020

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## लविवि : परास्नातक स्तर पर हर सेमेस्टर में पढ़ने होंगे छह पेपर

### नए पाठ्यक्रम से होगी पढ़ाई, अंतिम सेमेस्टर में इंटर्नशिप का मौका

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में इस साल परास्नातक स्तर पर दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को नए सिलेबस के हिसाब से पढ़ाई करनी होगी। पीजी के सभी पाठ्यक्रमों में अब हर सेमेस्टर में समान रूप से छह पेपर होंगे। अभी तक अलग-अलग कोर्स में चार से पांच पेपर होते थे। पाठ्यक्रमों में एकरूपता लाने के साथ ही पीजी में पूरी तरह से 10 विशेषताओं वाले च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) लागू हो जाएगा। इसके बाद विद्यार्थियों को अंतिम सेमेस्टर में इंटर्नशिप करने का मौका भी मिलेगा।



लखनऊ विश्वविद्यालय ने इस साल से अपने परास्नातक पाठ्यक्रमों के सिलेबस में बदलाव कर दिया है। ये बदलाव विवि की सभी बॉडी से पास हो चुके हैं। प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों पर यह लागू होगा।

#### दूसरे संकाय के भी पढ़ सकेंगे पेपर

नया पाठ्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत एक विषय से दूसरे में क्रेडिट ट्रांसफर होना होगा। विद्यार्थियों को यह विकल्प मिलेगा कि वे अपने विषय के साथ ही किसी अन्य विषय के कुछ पेपर की पढ़ाई कर सकें। इसके नंबर भी जोड़े जाएंगे। जरूरी नहीं कि यह पेपर उनके संकाय का ही हो। वे दूसरे संकाय के पेपर भी पढ़ सकेंगे। यानी अब विज्ञान संकाय का विद्यार्थी एमएससी के साथ कला वर्ग या वाणिज्य के पेपर की पढ़ाई भी कर सकेगा। उनके अंकपत्र पर इसके नंबर भी चढ़ेंगे। इसके लिए हर विभाग में यह व्यवस्था की गई है कि वहां तीन प्रकार के पेपर होंगे। पहले अनिवार्य पेपर, जिनको हर विद्यार्थी को लेना होगा। दूसरे फ्रोजेन इलेक्टिव, मतलब इन पेपर को लेने का विकल्प होगा, लेकिन ये केवल विभाग के विद्यार्थियों के लिए ही उपलब्ध होंगे। तीसरे प्रकार के पेपर ओपन इलेक्टिव होंगे। ये पेपर सभी संकाय के विद्यार्थियों के लिए खुले होंगे। इनकी पढ़ाई कोई भी विद्यार्थी कर पाएगा।

**96 क्रेडिट का होगा पाठ्यक्रम**

यूजीसी के अनुसार, पाठ्यक्रम पूरी तरह से क्रेडिट सिस्टम पर होंगे। सभी विभाग में अनिवार्य रूप से 96 क्रेडिट का नियम बनाया गया है। विद्यार्थी को परास्नातक की डिग्री लेने के लिए 96 क्रेडिट की पढ़ाई करनी होगी। इससे कम पर उन्हें डिग्री नहीं दी जाएगी।

■ **इंटर्नशिप की भी होगी व्यवस्था**

सीबीसीएस पाठ्यक्रम में इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि विद्यार्थियों को सिर्फ किताबी ज्ञान न मिले। प्रैक्टीकल ज्ञान के लिए सभी विद्यार्थियों को अंतिम सेमेस्टर में अनिवार्य रूप से इंटर्नशिप भी करनी होगी। इसके लिए उन्हें किसी संस्थान में जाना होगा।

**“ तैयार हो चुका है नया पाठ्यक्रम**

कुलपति के दिशा-निर्देश में सीबीसीएस का नया पाठ्यक्रम तैयार हो चुका है। इस साल दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को इसका फायदा मिलेगा। इसकी डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी को देश के साथ ही विदेश में भी रोजगार के अवसर मिलेंगे।

-डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता लविवि

HINDUSTAN PAGE 10

## बीएड में महाविद्यालयों के स्तर से 31 तक सीधे दाखिले

**तिथि बढ़ी**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

एलयू द्वारा उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश-परीक्षा बीएड-2020-22 में महाविद्यालय स्तर से सीधे प्रवेश की तिथि बढ़ा दी गयी है। अब इसे बढ़ाकर 31 दिसम्बर कर दिया गया है। यह प्रक्रिया 24 दिसम्बर से चल रही है। इससे अब तक 1,59,595 अभ्यर्थियों को उनके वांछित बीएड महाविद्यालयों में सीट आवंटित हो चुकी है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड (द्विवर्षीय)-पाठ्यक्रम प्रवेश की परामर्शदात्री समिति की 26 दिसम्बर की बैठक में तारीख बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

राज्य-समन्वयक संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि काउंसलिंग का अंतिम चक्र महाविद्यालय स्तर पर केवल बीएड काउंसलिंग पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। काउंसलिंग के इस चक्र में केवल वैध स्टेट रैंक धारक अभ्यर्थी ही सम्मिलित हो सकते हैं। केवल वे अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं जिन्होंने मुख्य काउंसलिंग में हिस्सा नहीं लिया है। या जिनको कोई सीट आवंटित नहीं हो सकी है।

अभ्यर्थी को रुपये 750 मात्र का नॉन रिफंडेबल शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अभ्यर्थी के विवरण को सत्यापित करेंगे और नियमों के अनुसार अभ्यर्थी को सीधे प्रवेश देंगे।

AMRIT VICHAR PAGE 2

## बीएड में सीधे प्रवेश को अब 31 तक कर सकेंगे आवेदन

अमृत विचार लखनऊ

**राहत**

- **लविवि के आग्रह पर उच्च शिक्षा विभाग ने बढ़ाई आवेदन की तिथि**
- **इस निर्णय से निजी कालेजों को सीटें भरने की बढ़ी उम्मीद**

लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही बीएड कॉलेजों में सीधे प्रवेश प्रक्रिया की तिथि में बढ़ोतरी कर दी गयी है। विवि के आग्रह के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने अनुमति दे दी है। विश्वविद्यालय ने अंतिम तिथि जारी कर दी है। विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अब प्रवेश प्रक्रिया 31 दिसंबर तक पूरी की जायेगी।

ऐसे में एक बार फिर निजी कॉलेजों को उम्मीद बढ़ गयी है कि उनके यहां सीटें भर जायेंगी। दरअसल कॉलेजों में इस बार 1 लाख 40 हजार सीटें खाली रहने का उम्मीद जतायी जा रही है। हालांकि सीधे प्रवेश के लिए आवेदन 24 दिसंबर से चल रहा है। इस प्रक्रिया में अब तक 1लाख 59 हजार 595 अभ्यर्थियों को उनका कॉलेज मिल चुका है। प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय स्तर पर केवल बी.एड. काउन्सिलिंग पोर्टल के द्वारा ही किया जायेगा।

काउंसलिंग के इस चक्र में केवल वैध स्टेट-रैंक धारक अभ्यर्थी ही सम्मिलित हो सकते हैं। इस काउंसलिंग में केवल वे अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं जिन्होंने मुख्य काउन्सिलिंग में प्रतिभाग नहीं किया है अथवा मुख्य पूल काउंसलिंग में प्रतिभाग किया था, लेकिन उन्हें कोई सीट आबंटित नहीं हो सकी है। अभ्यर्थी को रुपये 750 मात्र का नॉन रिफंडेबल केवल ऑनलाइन मोड (नेट बैंकिंग डेबिट कार्ड अथवा क्रेडिट कार्ड) के माध्यम से) का काउंसलिंग शुल्क जमा करना होगा।

## कुछ गलत हो तो घर में सबसे पहले बताएं

**लखनऊ।** 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में साइबर सुरक्षा विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. अनुराग कुमार श्रीवास्तव ने साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विद्यार्थियों को बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल गृह मंत्रालय संचालित करता है। इसमें कोई भी विवरण पा सकता है और शिकायत भी दर्ज कर सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को समझाया कि अगर कुछ गलत हो रहा है तो घर के लोगों को सबसे पहले बताएं। उन्होंने खुद के लिए बोलने और माता-पिता और बड़ों के साथ चर्चा करने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वेबिनार का संचालन डॉ. सुरभि यादव ने किया।

THE PIONEER PAGE 4

**MISSION SHAKTI**

The department of Linguistics, Lucknow University, organised a special event online under the Mission Shakti initiative of the UP government. Violina Borah, assistant professor at the Department of English (Daulat Ram College), delivered a lecture titled 'Hissedaari' and spoke of the interaction between gender and language. She also announced the results of the poster and poetry contests and appreciated the gender-equal participation. Shivansh Sharma, Saumya Tiwari and Krishna Narayan won the prizes in poetry competition while Ayushi Sahu, Karishma Singh and Prashant Awasthi in poster making.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

## लविवि में साइबर क्राइम पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की पहल मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में साइबर सुरक्षा विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस व्याख्यान में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मुद्दों और समाधान के बारे में जागरूक किया गया। व्याख्यान मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत हमें प्रदान किए गए व्यापक विषय से संबंधित था। विभागाध्यक्ष प्रोमुकुल श्रीवास्तव ने अतिथि वक्ता का आधिकारिक स्वागत किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें विशेष व्याख्यान के लिए जुड़े हुए थे। डॉ अनुराग कुमार श्रीवास्तव ने महिला सुरक्षा साइबर मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस बारे में भी विस्तार से बताया है। राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल गृह मंत्रालय द्वारा संभाला जाता है, जिसमें कोई भी विवरण पा सकता है और साइबर अपराध के प्रकारों के बारे में शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। महिलाओं के मुद्दों के बारे में ध्यान रखते हुए उन्होंने विभिन्न अपराधों जैसे कि विशिंग, साइबर बुलइंग, साइबर स्टाकिंग, एस्पियनज आदि पर जोर दिया। एक और महत्वपूर्ण बारे बात बताते हुये सबसे पहला समाधान जिसके बारे में उन्होंनि बात कीए वह है मुद्दे को बेअसर करना जिसमे उन्होंने सभी जुड़े हुए छात्र छात्रों को समझाया की अगर कुछ गलत हो रहा है तो घर के लोगों को सबसे पहले बताएं।

## कॉलेज में बीएड में दाखिले की तिथि 31 तक बढ़ी

**लखनऊ।** लविवि द्वारा विगत अगस्त माह में आयोजित की गयी उप्र संयुक्त प्रवेश-परीक्षा बीएड 2020-22 की महाविद्यालय स्तर से सीधे प्रवेश की प्रक्रिया 24 दिसम्बर 2020 से चल रही है। इस प्रक्रिया में अब तक 159595 अभ्यर्थियों को उनके वांछित बीएड महाविद्यालयों में सीट आबंटित हो चुकी हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड द्विवर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश 2020-22 की परामर्शदात्री समिति की आज आयोजित बैठक में अभ्यर्थियों के व्यापक हित को दृष्टिगत रखते हुये महाविद्यालय स्तर से सीधे प्रवेश की प्रक्रिया को 31 दिसंबरतक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

प्रो. अमिता बाजपेयी राज्य.समन्वयक संयुक्त प्रवेश.परीक्षा बीएड-2020-22 ने अवगत कराया है कि होगी। काउंसलिंग का यह अंतिम चक्र महाविद्यालय स्तर पर केवल बीएड काउन्सिलिंग पोर्टल के द्वारा ही किया जायेगा। काउंसलिंग के इस चक्र में केवल वैध स्टेट रैंक धारक अभ्यर्थी ही सम्मिलित हो सकते हैं। इस काउंसलिंग में केवल वे अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं जिन्होंने मुख्य काउन्सिलिंग में प्रतिभाग नहीं किया है अथवा मुख्यपूल काउंसलिंग में प्रतिभाग किया था किन्तु उन्हें कोई सीट आबंटित नहीं हो सकी है। अभ्यर्थी को रुपये 750 मात्र का नॉन रिफंडेबल केवल ऑनलाइन मोड नेट बैंकिंग डेबिट कार्ड अथवा क्रेडिट कार्ड के माध्यम सेद्ध का काउंसलिंग शुल्क जमा करना होगा। महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अभ्यर्थी के विवरण को सत्यापित करेंगे और नियमों के अनुसार अभ्यर्थी को सीधे प्रवेश देंगे। प्रवेश शुल्क महाविद्यालय स्तर पर जमा किया जाएगा।